दिनांक 03.09.2024

प्रेस विज्ञप्ति 04/2024

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा 72वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता–2024 के समापन समारोह में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**श्री प्रशान्त कुमार** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 03.09.2024 को 35वीं वाहिनी महानगर लखनऊ स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद क्रीडा संकुल में दिनांक 29.08.2024 से चल रही 72वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता–2024 के समापन समारोह में विजेताओं को चल वैजयन्ती प्रदान किया गया। समापन समारोह के **मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** महोदय रहें। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गयी तथा अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी उ०प्र० द्वारा **पुलिस महानिदेशक उ०प्र०** को **स्मृति चिन्ह** भेंट किया गया।

उक्त प्रतियोगिता में एथलेटिक्स पुरुष वर्ग में मेरठ जोन द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त कर चल वैजयन्ती जीतने का गौरव प्राप्त किया एवं महिला वर्ग में मेरठ जोन की महिला खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चल बैजयन्ती जीतने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण 27 नये कीर्तिमान का स्थापित होना रहा जिसमें महिला वर्ग द्वारा 17 एवं पुरूष वर्ग द्वारा 10 कीर्तिमान स्थापित किये गये।

मेरठ जोन के सचिन यादव पुरुष वर्ग के सर्वोत्तम खिलाड़ी एवं महिला वर्ग में मेरठ जोन की प्रियंका शिकरवार ने सर्वोत्तम खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त किया।

समापन समारोह के अवसर पर श्री आशीष गुप्ता पुलिस महानिदेशक रूल्स एण्ड मैनुएल, श्री संजय सिंघल अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, श्री सुजीत पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी, श्री प्रकाश डी0 अपर पुलिस महानिदेशक जीआरपी, श्री वी0के0 सिंह अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम, श्री आशुतोष कुमार पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय, श्री किरीट राठोड़ आयोजन सचिव एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ अनुभाग/पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मध्यजोन एवं सचिव उ0प्र0 पुलिस स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड, श्री अतुल शर्मा सह आयोजन सचिव/सेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, श्री अजय कुमार सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ सहित पीएसी व पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।


पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स
प्रतियोगिता - 2024
29.08.2024 से 03.09.2024 तक
35वीं वाहि


प्रतियोगिता - 2024
29.08.2024 से 03.09.2024 तक
शहीद च
द क्रीड़ा संकु
35वीं
0सी0 लखनऊ


72वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स
क्लस्टर प्रतियोगिता - 2024
29.08.2024 से 03.09.2024 तक


72वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स
लस्टर प्रतियोगिता - 2024
2024 से 03.09.2024 तक


72वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स
क्लस्टर प्रतियोगिता - 2024


72वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स
क्लस्टर प्रतियोगिता - 2024
मेरठ जोन


72वीं उ0प्र0 पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स
क्लस्टर प्रतियोगिता - 2024
से 03.09.2024
मेरठ जोन

## जनपद सुलतानपुर/थाना कोतवाली नगर

- **डकैती की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटी गयी 15 किलोग्राम चाँदी के जेवर**
- **लूटे गये 38 हजार 500 रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 02/03.09.2024 को थाना कोतवाली नगर, थाना करौदीकलां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर इमिलिया के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक आरक्षी घायल हो गये, पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–सचिन 2–पुष्पेन्द्र उर्फ डब्लू 3–त्रिभुवन उर्फ लाला घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटी गयी 15 किलोग्राम चाँदी के जेवर, लूटे गये 38 हजार 500 रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि 28.08.2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा डकैती की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद चाँदी के जेवर, रूपया उक्त घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त सचिन शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अमेठी, सुल्तानपुर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सचिन निवासी सहरी थाना कोतवाली नगर जनपद अमेठी।

2—पुष्पेन्द्र उर्फ डब्लू निवासी सहरी थाना कोतवाली नगर जनपद अमेठी।

3—त्रिभुवन उर्फ लाला निवासी हारीपुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1—लूटी गयी 15 किलोग्राम चाँदी के जेवर।

2—लूटे गये 38 हजार 500 रूपये नगद।

3—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

4—03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद रामपुर/थाना टाण्डा**

- **25—25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 लैपटॉप, 04 बैट्रा, 02 इन्वार्टर, 02 सीसीटीवी डीवीआर, 05 सोलर उर्जा प्लेट सिस्टम, 01 एलईडी टीवी, 01 मोटर पम्प, 05 मोबाइल फोन आदि**
- **03 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 ई—रिक्शा बरामद**

दिनांक 02.09.2024 को थाना टाण्डा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जटपुरा तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1—भूरा 2—गुफरान सहित अभियुक्त 3—मो0रफी 4—शकील 5—इन्तेखाव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 02 लैपटॉप, 04 बैट्रा, 02 इन्वार्टर, 02 सीसीटीवी डीवीआर, 05 सोलर उर्जा प्लेट सिस्टम, 01 एलईडी टीवी, 01 मोटर पम्प, 05 मोबाइल फोन आदि, 03 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस, 01 ई—रिक्शा बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त भूरा के विरूद्ध जनपद रामपुर, मुरादाबाद व उत्तराखण्ड प्रान्त के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 31 अभियोग, अभियुक्त गुफरान व मो0रफी के विरूद्ध जनपद रामपुर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स

एक्ट आदि के 05–05 अभियोग एवं अभियुक्त शकील व इन्तेखाव के विरूद्ध जनपद रामपुर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 04–04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त भूर, गुफरान थाना टाण्डा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना टाण्डा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–भूरा निवासी ग्राम मुतियापुरा थाना टाण्डा जनपद रामपुर।

2–गुफरान निवासी ग्राम खेडा झुरक झुण्डी थाना टाण्डा जनपद रामपुर।

3–मो0रफी निवासी ग्राम खेडा झुरक झुण्डी थाना टाण्डा जनपद रामपुर।

4–शकील निवासी भव्वलपुरी कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर।

5–इन्तेखाव निवासी ग्राम मिलक धर्मपुर जुग्गोवाली थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–चोरी के 02 लैपटॉप, 04 बैट्रा, 02 इन्वार्टर, 02 सीसीटीवी डीवीआर, 05 सोलर उर्जा प्लेट सिस्टम, 01 एलईडी टीवी, 01 मोटर पम्प, 05 मोबाइल फोन आदि।

2–03 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

3–01 ई–रिक्शा।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सूरजपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 60 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के सोने के आभूषण, 01 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 02.09.2024 को थाना सूरजपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भट्टा गोलचक्कर के पास से 02 अभियुक्तों 1–दीपक 2–श्यामवीर को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 60 हजार रूपये नगद, चोरी के सोने के आभूषण, 01 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 29.08.2024 को थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि लूट/चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त दीपक के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग एवं अभियुक्त श्यामवीर के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—दीपक निवासी कटहेड़ा थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2—श्यामवीर निवासी कटहेड़ा थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूट के 60 हजार रूपये नगद।

2—चोरी के सोने के आभूषण, 01 मोबाइल फोन।

3—02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## <u>जनपद अलीगढ़/थाना बन्नादेवी</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 लाख 48 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनांक 03.09.2024 को थाना बन्नादेवी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मेलरोज बाईपास तिराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1— अमित 2— नेपाल को गिरफ्तार

किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 लाख 48 हजार रूपये नगद बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बन्नादेवी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अमित निवासी ग्राम कठैरा आलमपुर थाना विजयगढ़ जनपद अलीगढ़।

2–नेपाल निवासी ग्राम कठैरा आलमपुर थाना विजयगढ़ जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी के 03 लाख 48 हजार रूपये नगद।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढाना

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी का सामान**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 आयशर कैन्टर बरामद**

दिनांक 02.09.2024 को थाना बुढ़ाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खतौली रोड फायर स्टेशन कट के पास बदमाशों को घेराबन्दी की गई तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त फजल घायल हो गया, जिसे अभियुक्त यासीन सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का सामान, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 आयशर कैन्टर बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 09.08.2024 को थाना बुढ़ाना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त फजल शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–फजल निवासी नाहल थाना मंसूरी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2–यासीन निवासी दहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1–चोरी का सामान।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 आयशर कैन्टर।

## जनपद कन्नौज/थाना कोतवाली तिर्वा

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 02.09.2024 को थाना कोतवाली तिर्वा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अण्डरपास अलीपुर चेकिंग के पास से 03 अभियुक्तों 1–अरूण कुमार 2–पवन कुमार 3–नरेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली तिर्वा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरूण कुमार निवासी ग्राम भवानी सराय थाना तालग्राम जनपद कन्नौज।

2–पवन कुमार निवासी ग्राम नादेमऊ थाना सौरिख जनपद कन्नौज।

3–नरेन्द्र निवासी कसनपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज।

**बरामदगी**

1–चोरी की 05 मोटर साइकिल आदि।

- **<u>जनपद मऊ (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 01 करोड़ 07 लाख 88 हजार रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

जनपद मऊ पुलिस ने अभियुक्त अमित ठठेरा उर्फ अमित कुमार वर्मा पुत्र कन्हैया ठठेरा उर्फ कन्हैया वर्मा निवासी भीटी हरिद्वार कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ द्वारा अपनी माँ के नाम पर अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 01 करोड़ 07 लाख 88 हजार रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

- **<u>जनपद फतेहपुर/थाना खागा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फतेहपुर द्वारा थाना खागा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त राम बहादुर को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना अरनिया (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को 20–20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 30–30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना अरनिया पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366/506 भादवि व 5एच/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–प्रशान्त कुमार 2–शिब्बू उर्फ शिवकुमार को 20–20 वर्ष के कठोर कारावास व 30–30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———